मूल्यः एक रूपया

# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–14, अप्रैल, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन न०– 1800 1800 545

## शिमला में हुआ कामधेनु स्टील के डीलरों का वार्षिक सम्मेलन




डीलर वार्षिक सम्मेलन के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के प्रेसिडेंट, श्री पकंज अग्रवाल, निदेशक, श्री सचिन अग्रवाल, श्री सुनील अग्रवाल, वर्धमान आर्दश इस्पात प्रा. लि. के निदेशक, श्री अश्विनी गर्ग, श्री बालाजी सीमेंट इंडस्ट्री के निदेशक, श्री पवन गुप्ता, ए.के. इंडस्ट्रीज के निदेशक, श्री विनय गुप्ता एवं आर. के. इंडस्ट्रीज के निदेशक, श्री रमेश गोयल

कामधेनु इस्पात लि. के पंजाब क्षेत्र के डीलरों का वार्षिक सम्मेलन शिमला के **"होटल कॉम्बरमेयर"** में आयोजित किया गया, जिसमें कामधेनु स्टील के पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ के 250 से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया। दो दिनों के इस सम्मेलन का आगाज 22 अप्रैल को दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल, प्रेसिडेंट श्री पकंज अग्रवाल, श्री विनोद कुमार गहलोत (जीएम–मार्केटिंग),श्री राकेश मिसरी (जीएम–मार्केटिंग, स्टील) ,श्री सुनील सिंह (जीएम–सीमेंट), श्री अमित सोनी, श्री चंदन गोस्वामी, श्री विवेक माहेश्वरी, सुश्री नीतू कटारिया, एवं सुश्री शिविका कपिल के साथ–साथ आर. के. इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री रमेश गोयल, वर्धमान आर्दश इस्पात प्रा. लि. के निदेशक श्री अश्विनी गर्ग, ए.के. इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री विनय गुप्ता भी मौजूद थे।



समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "यह सम्मेलन कामधेनु परिवार की विकासोन्मुखी विचारधारा को एक मजबूत आधार देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कामधेनु स्टील से जुड़े हमारे डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर बीते डेढ़ दशकों से कंपनी को निरंतर कामयाबी की नई मंजिलों की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उपभोक्ताओं के साथ इस रिश्ते को एक मजबूत आधार देने में हमारे डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर एक दूसरे से बढ़कर प्रयास करते हैं।"

कामधेनु स्टील की लोकप्रियता के बारे में बताते हुए श्री विनोद कुमार गहलोत ने कहा "पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू–कश्मीर में कामधेनु ब्रांड को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। इसकी एकमात्र वजह है कामधेनु ब्रांड के हर उत्पाद का उपभोक्ताओं की कसौटी पर एकदम फिट बैठना। कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की सहज उपलब्धता एवं सुदूर क्षेत्रों तक आसान पहुँच, इसे उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रियता दिलाने में कंपनी के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।"

संगीत, नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों से भरपूर इस सम्मेलन में कामधेनु से जुड़े 11 डीलरों को वर्ष 2008–09 के लिए बेस्ट सपोर्टिंग डीलर का पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटरों को वर्ष 2008–09 के लिए "अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन डिस्ट्रीब्यूटरशिप" भी दिया गया। इस पुरस्कार को हासिल करने वालों में मेसर्स मनोहरलाल मदनलाल आयरन मर्चेन्ट (आबोहर), मेसर्स गोयल आयरन स्टोर (मोगा), मेसर्स भुलोवाल सीमेंट कॉर्पोरेशन (भुलोवाल), मेसर्स राजेश इंटरप्राइजेज (जंदुआल) मेसर्स मित्तल सीमेंट स्टोर (संगरूर), मेसर्स मानसा स्टील प्राइवेट लिमिटेड (मानसा) एवं मेसर्स गुप्ता आयरन स्टोर (भटिंडा) का नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त 22 अन्य डीलरों को बेस्ट डीलर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जम्मू में हुई कामधेनु पेंट के चैनल पार्टनर्स की मीट

कामधेनु पेंट "कलर ड्रीम्ज" के चैनल पार्टनर्स का कारवां राजस्थान, हरियाणा एवं पंजाब से होते हुए इस बार जम्मू जा पहुँचा। जम्मू तवी के "होटल एशिया" में 12 अप्रैल की शाम को जब कामधेनु पेंट की रंगों भरी महफिल सजी तो इसमें रंग जमाने का जिम्मा उठाया लाफ्टर चैलेंज के मशहूर हास्य कलाकार जितेश चावला ने। रंगारंग नृत्य, संगीत एवं हँसी की फुलझड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें कामधेनु पेंट से जुड़े डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों को उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अक्टूबर 2008 से मार्च 2009 की अवधि के बीच सर्वाधिक मूल्य की बिक्री का पुरस्कार मेसर्स जैन ट्रेडर्स को दिया गया। इसी अवधि के लिए दूसरा सर्वाधिक मूल्य की बिक्री का पुरस्कार मेसर्स नंदा बिल्डर्स ने जीता। जबकि तीसरा सर्वाधिक मूल्य की बिक्री का पुरस्कार मेसर्स कृष्णा हार्डवेयर स्टोर, सांझी मोड़ ने जीता। इसी अवधि के लिए जम्मू में पाउडर पेंट की सर्वाधिक बिक्री का पुरस्कार भी मेसर्स जैन ट्रेडर्स को मिला। साथ ही इन्हें जम्मू में प्रीमियम इमल्शन की सर्वाधिक बिक्री का पुरस्कार भी दिया गया। उपरोक्त अवधि के लिए नॉर्थ जोन–1 में बेस्ट सेल्स परफॉर्मर का ईनाम जम्मू एवं कश्मीर के एएसएम श्री विनोद कुमार ने जीता।



चैनल पार्टनर्स की मीट के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल

कामधेनु पेंट के चैनल पार्टनर्स के इस विशेष आयोजन में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल ने भी हिस्सा लिया। कामधेनु से जुड़ी फ्रेंचाइजी कंपनियों में झेलम इंडस्टीज (स्टील) के निदेशक श्री आर. के. गुप्ता, मेसर्स केसीएल ट्रेडिंग कारपोरेशन–सीमेंट के निदेशकगण श्री अनिल मल्होत्रा, श्री दीपेन्द्र सिंह, श्री सुरेश गुप्ता एवं श्री एस. इलियास काजमी ने भी समारोह में शिरकत की। इनके अतिरिक्त कामधेनु पेंट से जुड़े 100 से ज्यादा डीलर, कामधेनु सीमेंट के 25 डीलर एवं कामधेनु स्टील के दस से ज्यादा डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने भी हिस्सा लिया। कंपनी से जुड़े कर्मचारियों में श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम), श्री राजकुमार श्रीवास्तव (सीडब्यूएम), श्री संजीव बजाज (सीएस), श्री अरविंद कपूर (डीएसएम) श्री विनोद कुमार (एएसएम), श्री राकेश मिसरी (जीएम–स्टील), श्री सुनील सिंह (जीएम–सीमेंट), श्री आनंद कटोच (पेंट प्रोजेक्ट सेल्स – नॉर्थ इंडिया), प्रवीण, समीर एवं कई अन्य लोगों ने भी समारोह का भरपूर लुत्फ उठाया। समारोह का समापन एक भव्य डिनर पार्टी के साथ हुआ। इस



रंगारंग नृत्य, संगीत से लोगों का मनोरंजन करते कलाकार

# कामधेनु क्रिकेट लीग में हुई जम्मू लॉयन्स की जीत

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा "कलर ड्रीम्ज" द्वारा शुरू की गयी कामधेनु क्रिकेट लीग 2009 का अगला मैच 12 अप्रैल को जीजीएम साइंस कॉलेज, कैनाल रोड, जम्मू के मैदान पर खेला गया। कामधेनु कॉरपोरेट चैलेंजर्स (कामधेनु के कॉरपोरेट स्टाफ) एवं जम्मू लॉयन्स (जम्मू के पेंट डीलरों की टीम) के बीच हुए इस मुकाबले को जम्मू लॉयन्स की टीम ने 30 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रहे मेसर्स शर्मा ट्रेडर्स, सैनिक कॉलोनी के श्री सुधीर शर्मा। कामधेनु पेंट के डीलर श्री सुधीर शर्मा को मैच में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई 2009 में कामधेनु पेंट की गोवा ट्रिप का एक मुफ्त टिकट भी दिया गया। साथ ही उन्हें मैच में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का ईनाम भी मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार श्री राकेश चोपड़ा को एवं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मेसर्स अमन ट्रेडर्स के श्री पंकज को दिया गया। बेस्ट ऑल राउंडर का पुरस्कार कामधेनु कॉरपोरेट चैलेंजर्स टीम के श्री संजय शर्मा ने हासिल किया।



मैच की विजेता ट्रॉफी जम्मू लॉयन्स के कप्तान श्री नरेन्द्र गुप्ता (मेसर्स एस. के. हार्डवेयर स्टोर,) को निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल के हाथों प्रदान की गयी। 25–25 ओवर के इस मैच रोमांचक मैच को देखने के लिए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ–साथ कामधेनु पेंट एवं कामधेनु की अन्य शाखाओं से जुड़े कई अधिकारी अपने–अपने परिवार एवं बच्चों के साथ यहाँ मौजूद थे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल के साथ–साथ श्री सुब्रोतो उपाध्याय (डीजीएम, पेंट) ने भी मैच का भरपूर लुत्फ उठाया। इस

# पंजाब में सुपर सीमेंट की डिस्ट्रीब्यूटर्स मीट

कामधेनु ब्रांड सुपर सीमेंट के डिस्ट्रीब्यूटरों का एक सम्मेलन पंजाब के लुधियाना शहर में 27 मार्च को आयोजित किया गया। यहाँ के होटल **"महाराजा रीजेन्सी"** में आयोजित इस समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के अतिरिक्त श्री वी.के. गहलोत (जीएम–मार्केटिंग, स्टील), श्री राकेश मिसरी (जीएम–मार्केटिंग, स्टील) एवं श्री सुनील सिंह (जीएम–सीमेंट) ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कामधेनु ब्रांड सुपर सीमेंट की फ्रेंचाइजी यूनिट से जुड़े निदेशकों में श्री बालाजी सीमेंट इंडस्ट्री, पंजाब के निदेशक श्री पवन गुप्ता, पांगली सीमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सरदार सोहन सिंह एवं अल्फा सीमेंट इंडस्ट्रीज हिमाचल प्रदेश के निदेशक श्री ओम प्रकाश अग्रवाल भी उपस्थित थे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कामयाबी में कामधेनु सुपर सीमेंट ने एक नया अध्याय जोड़ा है। कामधेनु स्टील और कामधेनु सुपर सीमेंट की इस जोड़ी के प्रति उपभोक्ताओं की विश्वसनीयता निरंतर बढ़ती जा रही है। सीमेंट के क्षेत्र में कदम रखने के लिए हमने फ्रेंचाइजी एवं पार्टनर्स को विश्वास में लेकर इन्हें हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इसी का नतीजा है कि कामधेनु सुपर सीमेंट भी कामधेनु स्टील की तरह ही दिन–दूनी रात चौगुनी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज कामधेनु सुपर सीमेंट का नेटवर्क पूरे देश में फैल चुका है, जिसका श्रेय हमारे फ्रेंचाइजी एवं पार्टनर्स को ही जाता है।"



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल सम्मेलन के दौरान कामधेनु सुपर सीमेंट के डिस्ट्रीब्यूटरों एवं अन्य कर्मचारियों के साथ

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री विनोद कुमार गहलोत एवं श्री राकेश मिसरी ने कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की डिस्ट्रीब्यूशन एवं मार्केटिंग की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डाला। समारोह में पंजाब के कामधेनु सुपर सीमेंट एवं स्टील के सभी डिविजनल ऑफिसरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के समापन से पहले श्री सुनील अग्रवाल ने कामधेनु सुपर सीमेंट के डिस्ट्रीब्यूटरों को मार्केटिंग, डेवलपमेंट एवं अन्य उपलब्धियों के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस

# लोकतंत्र का महापर्व और जनता का आक्रोश

भारत की पंद्रहवीं लोकसभा के लिए सांसदों के चुने जाने का महापर्व शुरू हो चुका है। इस बार न तो किसी पार्टी विशेष की लहर है और ना ही किसी पार्टी के पास कोई खास मुद्दा। ऐसा भी नहीं है कि देश में अब कोई समस्या ही नहीं रही, बल्कि सच तो यह है कि राजनेताओं की महत्वाकांक्षा और मौकापरस्ती के आगे सारे के सारे सिद्धांत पीछे छूट गए हैं। जिस राजनेता को जिस पार्टी से टिकट मिला, वह उसी का राग अलापने लगा। आतंकवाद, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय सुरक्षा, महंगाई, बेरोजगारी, ये सभी मुद्दे आज गौण होकर रह गए हैं। मध्य प्रदेश, गुजरात और बिहार जैसे प्रदेशों में मौजूद सरकारें भले ही विकास के मुद्दे पर अपने सांसदों की संख्या बढ़ाने में एड़ी–चोटी का जोर लगा रही हैं, मगर बाकी प्रदेशों में आम आदमी की समस्याएं जस की तस हैं। यही वजह है कि जनता में आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है।



चुनावी प्रक्रिया के दौरान इस बार कई जगहों पर नेताओं को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा है। भड़काऊ भाषणों द्वारा जनता की भावनाओं से खेलने की कोशिशों पर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग ने अंकुश लगा दिया। यहाँ तक कि आपराधिक छवि वाले कई नेता एड़ी–चोटी का जोर लगाने के बावजूद इस चुनावी महापर्व का हिस्सा बनने में नाकाम रहे। इसे एक स्वस्थ परंपरा की शुरूआत कहा जा सकता है, क्योंकि कोई भी बदलाव एक बार में नहीं आता। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनाव परिणामों की जो संभावना नजर आ रही है उसके मुताबिक केंद्र में एक बार फिर से खिचड़ी सरकार की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। जिसमें क्षेत्रीय पार्टियाँ अपने गिने–चुने सांसदों के दम पर भारी उलटफेर करने की क्षमता लेकर सामने आ सकती हैं। ऐसा होने पर जनता के मुद्दे एक बार फिर से हाशिए पर चले जाएंगे। इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011





# कामधेनु की टीम पहुँची थाईलैंड

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की उपलब्धियों में नित नए सितारे जड़नेवाले कंपनी के डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों की एक टीम को इस बार थाइलैंड की सैर करने का मौका मिला। कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल की अगुवाई में उत्तराखंड की टीम 02 अप्रैल को थाइलैंड की राजधानी बैंकाक के लिए रवाना हुई। 46 सदस्यों की इस टीम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डिस्ट्रीब्यूटर श्री सुनील सिंघल, श्री मनोहर केशरवानी, श्री मनीष सरन, श्री महेन्द्र चावला एवं श्री धरमपाल गुप्ता शामिल थे। इनके अतिरिक्त श्री बाँके बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकश्री दीपक गोयल, श्री हर्ष गोयल, श्री हरीश बी. गौतम एवं श्री राजीव सक्सेना ने भी थाइलैंड की सैर का आनंद लिया।




थाइलैंड की सैर के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्तराखंड के डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर

कामधेनु की यह टीम थाइलैंड के पटाया शहर में स्थित होटल अमारी ऑर्किड में जाकर रुकी, और यहीं से सबने थाइलैंड की खूबसूरती का लुत्फ उठाया। पटाया की वाकिंग स्ट्रीट, पटाया बीच, अल काजेर, कोरल आइसलैंड को देखने के साथ टीम के सदस्यों ने थाइलैंड की वैभवशाली राजधानी बैंकाक और यहाँ के विख्यात एमबीके मॉल को भी देखा। श्री सुनील अग्रवाल की मौजूदगी में टीम के सदस्यों ने कंपनी एवं इसकी कार्यप्रणाली के बारे में अपनी–अपनी जिज्ञासाओं को खुलकर सामने रखा, जिसका श्री अग्रवाल ने अत्यंत दोस्ताना अंदाज में जवाब दिया। कुल मिलाकर टीम के सदस्यों के लिए यह टूर एक अविस्मरणीय अनुभव था। इस




# कामधेनु टफविंड : भारतीय उपभोक्ताओं के लिए खास तौर से डिजाइन किया गया उत्पाद



बुनियादी क्षेत्र की जरूरत का हर सामान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रही कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए उत्पाद "कामधेनु टफविंड" को बाजार में उतारा है। कामधेनु टफविंड यानी यूपीवीसी विंडोज एंड डोर्स नए ज़माने का एक ऐसा उत्पाद है जो आपके सपनों से सुंदर घर को आधुनिक लुक देता है।

यूपीवीसी यानी प्लास्टिक रहित पॉलीविनाइल क्लोराइड आज दुनियाभर के बुनियादी एवं निर्माण क्षेत्र में एक अत्यंत उपयोगी सामग्री के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। यूपीवीसी से बने टफविंड विंडोज एंड डोर्स लकड़ी एवं एल्यूमीनियम से बने पारंपरिक खिडकियों एवं दरवाजों की तुलना में कई तरह की विशिष्टताओं से परिपूर्ण हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके इस्तेमाल से आपकी खिड़कियों एवं दरवाजों पर दीमक एवं सड़न का कोई खतरा नहीं रहता। जिससे ये लंबे समय तक आपका साथ निभाने में सक्षम हैं। इसकी स्ट्रक्चरल स्ट्रेंथ इसे किसी भी तरह की टूट–फूट से बचाती है। यहाँ तक कि मौसम के बदलाव एवं प्राकृतिक आपदाओं में भी यह पूरी तरह सुरक्षित रहता है।

इतना ही नहीं, कामधेनु टफविंड विंडोज एंड डोर्स को विशेष रख–रखाव की जरूरत भी नहीं होती। इसमें ना तो आपको बार–बार पेंट करने की जरूरत होती है और ना ही इसे बारिश की बूंदों से बचाने की सावधानी उठानी पड़ती है। यह एक ऐसा उत्पाद है जिसमें एल्यूमीनियम की लचक एवं लकड़ी की खूबसूरती, दोनों एक साथ समाहित है। इन्हीं विशिष्टताओं ने टफविंड को वास्तुकारों, बिल्डरों एवं उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना दिया है। इस

कामधेनु इस्पात लिमिटेड एक ऐसी कंपनी है जो अपनी प्रगतिशील विचारधारा और दूरदृष्टि के साथ पिछले डेढ़ दशकों से प्रभोक्ताओं के बीच एक खास पहचान बना चुकी है। आज कामधेनु ब्रांड टीएमटी बार, स्ट्रक्चरल स्टील, प्लाइवुड, पीवीसी पाइप, सीमेंट, पेंट एवं हाउसिंग सेगमेंट में एक जाना पहचाना नाम है। निर्माण एवं

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ**

| | |
|---|---|
| श्री विजय बहल<br>मेसर्स विजय ट्रेडर्स<br>टाउनीदेवी, जिला हमीरपुर<br>मो.: 09418060080, 09418664150 | मेसर्स हरिओम स्टील्स<br>शिवालिक नगर, बी.एच.ई.एल.<br>हरिद्वार, उत्तराखंड |

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5, Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com